उमा कहउँ मैं अनुभव अपना । सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा । बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥
सांध्य दैनिक
|| मानस हरि भजन || Ram Katha 948-✻Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 170 | इंदौर, शनिवार 04 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

हिसार में बड़ा हादसा

## चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर उकलाना में धुंध की वजह से तीन वाहन भिड़े

### चार की मौत; कई लोग दबे



**हिसार**। हिसार में उकलाना के सुरेवाला चौक पर शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे सड़क पर ट्रैफिक धीमा हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रही एक दूसरी कार भी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग ट्रक के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हुए हैं। डिवाइडर से टकराने वाली कार नरवाना की ओर से आ रही थी। मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

# 'पीथमपुर में अभी नहीं जलेगा यूनियन कार्बाइड का कचरा'

## बवाल के बाद सीएम मोहन यादव का बड़ा फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। धार जिले के पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया में यूनियन कार्बाइड से जुड़े 337 टन जहरीले कचरे के निपटान लेकर शुक्रवार को दिन भर विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम हुआ. कई लोगों ने आत्मदाह तक की कोशिशें कीं. इसके बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने देर रात एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, डिप्टी सीएम जगदीश देवडा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, चीफ सेक्रेटरी अनुराग जैन, एडवोकेट जनरल और लॉ सेक्रेटरी मौजूद थे.

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनता को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके हितों और सुरक्षा को प्राथमिकता देती है और इसलिए निर्णय लिया गया है कि जनभावना को कोर्ट के सामने रखेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत का आदेश आने तक पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का कचरा नहीं जलाया जाएगा. उन्होंने कहा, 'यूनियन कार्बाइड के कचरे पर फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर पीथमपुर में एक जरूरी बैठक हुई. बैठक में उपस्थित सभी सदस्य इस बात पर एकमत हैं कि हमारा निर्णय न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं कि जनता को कोई नुकसान न हो.'



मोहन यादव ने कहा कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर पूरी संवेदनशीलता से काम कर रही है. पीथमपुर की वर्तमान परिस्थितियों और व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में उच्च न्यायालय को पूरी जानकारी देंगे. इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने जनता से अफवाहों और भ्रमित करने वाली खबरों पर विश्वास न करने की अपील की है. आपको बता दें कि शुक्रवार को पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के 337 टन कचरे को नष्ट करने के खिलाफ लोगों ने बंद का आव्हान किया गया था. लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और हाईवे पर जाम लगा दिया. इस दौरान पुलिस बल पर पथराव भी हुआ जिसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया.



### पीथमपुर में हुए बवाल के मामले में 5 एफआईआर दर्ज

पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाए जाने को लेकर शुक्रवार को हुए उपद्रव के सिलसिले में पुलिस ने पांच मामले दर्ज किए हैं. फिलहाल शहर में स्थिति काबू में है. धार के एसपी मनोज कुमार सिंह ने कहा, 'यूनियन कार्बाइड के कचरे को जलाने को लेकर पीथमपुर बंद के दौरान उत्पन्न स्थिति के मामले में पुलिस ने पांच अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं. कुछ आरोपी अज्ञात हैं, वहीं कुछ नामजद आरोपी बनाए गए हैं. शनिवार को सुबह से ही पीथमपुर में जनजीवन सामान्य है, फैक्ट्रियां चालू हैं. सुबह की शिफ्ट में कर्मचारी फैक्ट्री पहुंच गए हैं ओर क्षेत्र की हालत सामान्य है.स्थिति पर नजर रखी जा रही है. लॉ एंड ऑर्डर की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है.'

इन सब के बीच दो लोगों ने खुद को आग लगा ली, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अदालत के आदेश के अनुरूप सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ही कचरे को यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया में ट्रांसपोर्ट किया. कोर्ट ने डेडलाइन दी थी कि कचरे को 4 जनवरी से पहले तय जगह पर भेजा जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मौजूदा हालातों का संज्ञान लिया है और ऐसे में अगर सुरक्षा के मापदंडों पर जनता के बीच किसी तरह का खतरा या भय की भावना पैदा होती है तो राज्य सरकार इस विषय को अदालत के समक्ष रखने का प्रयास करेगी. उन्होंने कहा कि इस संबंध में कोर्ट का आदेश आने के बाद ही आगे कोई कार्रवाई की जाएगी.

### यूनियन कार्बाइड गैस लीक कांड में गई थीं हजारों जानें

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में हुई त्रासदी को दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है. 2 और 3 दिसंबर, 1984 की मध्य रात्रि अमेरिकी कंपनी यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन की भोपाल स्थित कीटनाशक फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस लीक हुई. भोपाल के लाखों लोग इस जहरीली गैस की चपेट में आ गए. सरकारी आंकड़ों में इस गैस रिसाव से 5479 लोगों की मौत का दावा किया जाता है, लेकिन सामाजिक संगठनों का दावा है कि इस त्रासदी में 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई थी. फैक्ट्री में कचरा 40 साल तक पड़ा रहा और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने 3 दिसंबर, 2024 को सुप्रीम कोर्ट सहित विभिन्न अदालतों के निर्देशों के बावजूद इसे साफ नहीं करने के लिए राज्य सरकार की खिंचाई की थी. हाई कोर्ट ने अधिकारियों को इस मामले में निष्क्रिय पड़े रहले के लिए फटकार लगाते हुए, यूनियन कार्बाइड फैक्टी से करीब 337 टन औद्योगिक कचरे को हटाने के लिए 4 सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की थी और सरकार से इस संबंध में 6 जनवरी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा था. कोर्ट के निर्देश पर मोहन यादव की सरकार ने यूनियन कार्बाइड से 12 ट्रकों में कचरा भरकर पीथमपुर पहुंचाया, जहां जलाकर इसका निपटान होना था. लेकिन स्थानीय लोगों और कुछ सामाजिक संगठनों ने पीथमपुर में भोपाल गैस त्रासदी का कचरा जलाए जाने का उग्र विरोध किया. स्थानीय लोगों का कहना है कि पीथमपुर में कचरा जलाए जाने से आसपास के इलाके में गंभीर प्रदूषण फैल सकता है और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं.

# अग्नि दुर्घटना और अन्य आपदाओं से त्वरित रूप से निपटने के लिए नये फायर स्टेशन बनाये जाएंगे

## फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ दल के सदस्यों को अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों/उपायों से करेंगे युक्त

### अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नये फायर फाईटिंग वाहन भी खरीदे जाएंगे

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ली आपदा प्रबंधन संबंधी बैठक




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में अग्नि दुर्घटना और अन्य आपदाओं से त्वरित रूप से निपटने के लिए नये फायर स्टेशन बनाये जाएंगे। साथ ही फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के दल के सदस्यों को अत्याधुनिक सुरक्षा उपायों से युक्त किया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नये फायर फाईटिंग वाहन और अत्याधुनिक उपकरण क्रय किये जाएंगे।**

यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा आपदा प्रबंधन के संबंध में ली गई बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, एसपी फायर ब्रिगेड श्री एस.के. कनकने सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर में अग्नि दुर्घटना और अन्य आपदाएं आने पर त्वरित रिस्पॉस किया जाए। तुरंत ही मौके पर पहुंचकर अग्नि शमन और बचाव के कार्य प्रारंभ किये जाए। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के दल को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। संसाधन और सुविधाओं में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बचाव और राहत के लिए हर जरूरी सामग्री और उपकरण, वाहन क्रय किये जाए। उन्होंने 30 मीटर क्षमता की हाईड्रोलिक लेडर युक्त वाहन खरीदने के निर्देश दिए।

उन्होंने सघन क्षेत्र में अग्नि शमन के लिए छोटे-छोटे वाहन खरीदने हेतु भी निर्देशित किया। बताया गया कि इंदौर में शीघ्र ही स्कीम नम्बर 78, देवगुराड़िया, राऊ, धार रोड़ और आईएसबीटी कुमेड़ी में नये फायर स्टेशन शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जमीन चिन्हित कर शीघ्र आवंटित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फायरमैन को नयी किट भी उपलब्ध कराई जायेगी। मल्टीपरपज वाहन खरीदे जाएंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी की जाएगी।

# बगैर दस्तावेज संचालित 03 वाहन जब्त

### नियमों का उल्लंघन करने वाले 18 वाहनों से 49 हजार रुपये का जुर्माना वसूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी सिलसिले में आज इंदौर-देवास रूट की बसों की सघन चेकिंग की गई। जिसमें वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गये। अभियान के तहत बसों में ओवर लोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है।। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने,



क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही, स्कूल वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 18 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही बिना दस्तावेज के संचालित 02 स्कूली वाहन सहित कुल 03 वाहन जब्त किए गए। इस दौरान वाहनों से 49 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

# यूका का कचरा जलने से आने वाली जनरेशन को होगा नुकसान

## मंत्री की बैठक में डॉक्टरों ने खुल कर रखी अपनी बात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर में भोपाल के यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाए जाने को लेकर इंदौर में दिन भर चर्चाओं का दौर जारी रहा। एमपी सरकार की ओर से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट ने शहर के प्रबुद्धजनों और डॉक्टरों के साथ चर्चा की। डॉक्टर एसएस नैयर ने कहा कि इस कचरे को न जलाने में ही भलाई है।**

यूनियन कार्बाइड कचरे को जलाने को लेकर इंदौर में लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों के सवालों का जवाब देने के लिए प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट ने एआईसीटीएसएल के कार्यालय में शहर के प्रबुद्धजनों की इस विषय पर चर्चा की।





इस चर्चा में पर्यावरण विभाग के मुख्य सचिव विवेक पोरवाल भी शामिल हुए। पोरवाल ने प्रबुद्धजनों के सामने सरकार की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट और जहरीले कचरा के प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, भोपाल से भेजे गए ट्रैकों में 70 फीसदी यूनियन कार्बाइड की मिट्टी है, जिसे डिस्पोज किया जाना है। इस मिट्टी में पाए जाने वाला केमिकल की उम्र मात्र 25 वर्ष है और यूनियन कार्बाइड के हादसे को 40 वर्ष हो चुके हैं। लिहाजा उसमें जहरीला पदार्थ होने की संभावना ना के बराबर है। कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में पीथमपुर बचाओ समिति से जुड़े नागरिकों और वहां के नेताओं से एक-एक कर सवाल पूछे। जिनका जवाब मुख्य सचिव विवेक पोरवाल ने दिया। इस दौरान इंदौर शहर के एक डॉक्टर ने यूनियन कार्बाइड में बचे हुए घातक रसायनों की जानकारी दी। डॉक्टर ने बताया कि इनका असर ताउम्र बना रहेगा। कचरे का निष्पादन पीथमपुर में किए जाने से पीथमपुर के अलावा इंदौर, धार, देपालपुर और आसपास के क्षेत्र में इसका प्रभाव पड़ेगा। बैठक में डॉक्टर एसएस नैयर ने कहा कि उसकी वैल्यू खत्म हो गई है, लेकिन उसे फिर से जलाया जाएगा तो उसमें कई चीजें मिलाई जाएगी, जिससे नया कैमिकल बनेगा, उससे और भी समस्या होगी, जो आने वाली जनरेशन को भी नुकसान पहुंचाएगी। इस कचरे को न जलाने में ही सबकी भलाई है।

# पशुपालन एवं डेयरी विभाग खंडवा द्वारा नंदीशाला योजना में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग खंडवा ने अपनी वार्षिक प्रगति के विवरण में बताया है कि आचार्य विद्या सागर डेयरी योजना में 43 प्रतिशत, नंदी शाला योजना में शत प्रतिशत, समोन्नत मुरराह पाड़ा योजना में शत प्रतिशत, बैंक ऋण एवं अनुदान योजना में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है।**

दूध, अंडा, मांस उत्पादन में भी उल्लेखनीय उपलब्धि मिली है। पशु पालकों की आय में भी वृद्धि हुई है। चलित पशु चिकित्सा इकाई भी कार्यरत है। पशु कृत्रिम गर्भधान में सोरटेड सीमन का उपयोग किया जाता है। राष्ट्रीय पशु धन मिशन, बकरी पालन में भी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। पशुओं में रोग नियंत्रण हेतु टीकारण में 93.33 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त हुई है। पशुपालकों को घर पहुंच सुलभ पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी प्रकार खंडवा जिले में दुग्ध संकलन 13 हजार 400 लीटर प्रतिदिन से बढ़कर 16 हजार लीटर प्रतिदिन हो गया है।

**इंदौर सहकारी दुग्ध संघ की महत्वपूर्ण उपलब्धि**

# इंदौर सहकारी दुग्ध संघ सर्वश्रेष्ठ डेयरी संयंत्र पुरस्कार से सम्मानित

### 30 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध संयंत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर

**इंदौर**। मालवा में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंदौर सहकारी दुग्ध संघ को नागपुर में केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा सर्वश्रेष्ठ डेयरी संयंत्र पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। एक साल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए दुग्ध संघ के सीईओ श्री दीपक शर्मा ने बताया है कि इंडियन डेयरी एसोसिएशन (पश्चिम क्षेत्र) द्वारा नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग श्री नितिन गडकरी एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आणन्द के अध्यक्ष डॉ. मिनेश शाह द्वारा इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित इंदौर को सर्वश्रेष्ट डेयरी संयंत्र पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, जो कि गौरव की बात है। दुग्ध उत्पादक सदस्यों के लिए सांची दुग्ध उत्पादक चिकित्सा सहायता योजना, दुग्ध उत्पादक सहायता अनुग्रह रांची योजना, साँची जननी सुरक्षा योजना, दुग्ध समिति कर्मचारी मृत्यु सहायता राशि योजना, मेधावी छात्र-छात्रा पुरस्कार भोजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन, चाराबीज अनुदान योजना, पशु मॉश डिवर्मिंग योजना, एसबीआई पशु उत्प्रेरणा मुद्रा ऋण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, बछिया पालन प्रोत्साहन योजना, दुग्ध उत्पादक सदस्य कृषक भ्रमण योजना, पशु स्वास्थ्य रक्षक प्रशिक्षण योजना का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ संयंत्र परिसर में 76 करोड रुपए की लागत से 30 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध संयंत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें 3 लाख लीटर दूध से एक्सपोर्ट क्वालिटी का दूध चूर्ण तैयार किया जा सकेगा। अन्य सहकारी दुग्ध संघों के अतिशेष दूध का दुग्ध पूर्ण भी तैयार किया जा सकेगा। इससे अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा 30 करोड़ रुपये का ऋण कम ब्याज पर उपलब्ध कराया गया है।

इसी प्रकार सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार पायलट प्रोजेक्ट का इंदौर दुग्ध संघ द्वारा समय सीमा में सफल क्रियान्वयन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत इंदौर दुग्ध संघ द्वारा कार्यक्षेत्र के जिला इंदौर में 38 ग्राम पंचायतों का चयन कर, इनमें दुग्ध सहकारी समितियों का गठन एवं पंजीयन उपरांत सफलतापूर्वक निर्धारित समयावधि में दुग्ध संकलन प्रारंभ किया गया है।

# मंत्री से बोली कर्मचारी- वॉशरूम में निकलते हैं सांप-बिच्छू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सर, यहां महिलाओं को वॉशरूम को लेकर काफी परेशानी है। यहां वॉशरूम में सांप और बिच्छू निकलते हैं। महिलाओं की परेशानी इस कदर है कि उन्हें घर जाना पड़ता है। मैं जल्द रिटायर हो रही हूं और चाहती हूं कि जाने से पहले इस भवन को नए स्वरूप में देखूं। यह कहते हुए महिला कर्मचारी रो पड़ीं।**



वाकया शुक्रवार को इंदौर का है। दरअसल, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मेडिकल कॉलेज के पास खाद्य और औषधि प्रशासन के पुराने भवन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यह भवन काफी पुराना और खराब हालत में है। इस दौरान महिला कर्मचारी ने उन्हें बताया कि भवन की खराब स्थिति के कारण महिलाएं घर जाती हैं। महिला कर्मचारी ने कहा, 'बारिश के दिनों में यहां काफी पानी टपकता है। भवन की दीवारें कभी भी गिर सकती हैं। यहां काम करने से डर लगता है, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। अब जब कोई हमारी परेशानी पूछता है, तो हमें बताने में रोना आ जाता है।' यह कहकर महिला कर्मचारी की आंखों में आंसू झलक पड़े। महिला कर्मचारी ने बताया कि वॉशरूम में सांप और बिच्छू निकलते हैं। गर्भवती महिलाएं तो इन परेशानियों के कारण घर चली जाती हैं। यहां का हाल बहुत बेहाल है। इस कारण हम दो महीने तक बाहर बैठकर काम करते थे। अगर यहां नया भवन बनाकर दिया जाता है, तो हमारे लिए यह गर्व की बात होगी। मैं रिटायरमेंट से पहले इस भवन को नए स्वरूप में देखना चाहती हूं। महिला कर्मचारी की बात काफी गंभीर थी हालांकि जब उन्होंने परेशानी बताई तो मंत्री और अधिकारी हंस दिए। मंत्री ने कहा कि हम समाधान करेंगे। इस दौरान एक अधिकारी ने मजाकिया में अंदाज में कहा कि किसी को पता चलेगा तो मुझे सस्पेंड कर देंगे। बाद में मंत्री ने अधिकारियों को नए भवन की प्लानिंग को लेकर निर्देश दिए कि इसे जल्द किया जाएं।

# आधा किलो चरस के साथ पकड़ाया तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संयोगितागंज पुलिस ने चरस के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी बंबई बाजार का रहने वाला है। वह इलाके में चरस की डिलीवरी करने आया था। इसके पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।**

संयोगितागंज एसीपी तुषार सिंह की टीम को जानकारी मिली थी कि रेजीडेंसी एरिया में एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की डिलीवरी करने वाला है। सूचना पर थाने की एक टीम भेजी गई। यहां मोहम्मद आरिफ निवासी पिंजराबाखल को पुलिस ने पकड़ा। आरिफ पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। आरोपी के पास से करीब आधा किलो के लगभग नशा बरामद किया गया। उसने पूछताछ में बताया कि वह माल की डिलीवरी देने जा रहा था। इसके पहले ही पकड़ा गया। पुलिसकर्मी उसे थाने लेकर आए। उसने बताया कि छत्रीपुरा इलाके में रहने वाले आमिर नाम के युवक से उसने यह चरस ली थी। बाद में पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। वही एरोड्रम पुलिस ने रोहित पुत्र निर्मल प्यासे निवासी नूरी नगर को पकड़ा है। आरोपी के पास से ब्राउन शुगर मिली है। वह इसे बेचने जा रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# मुंह बोले चाचा ने की छात्रा से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुंह बोले चाचा ने एक 15 साल की नाबालिग के साथ छेड़छाड़ कर दी। आरोपी ने उसे अकेला पाकर उसके साथ हरकत करते हुए शादी को लेकर दबाव बनाया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मुंह बोले चाचा के खिलाफ केस दर्ज किया है।**



एरोड्रम पुलिस ने बताया कि 10 वी क्लास में पढ़ने वाली छात्रा की शिकायत पर उसके मुंह बोले चाचा लेखराज पर छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि लेखराज पिता के दोस्त है। इसलिए उन्हें चाचा कहती है। उनका घर पर आना-जाना लगा रहता है। माता-पिता काम पर चले जाते है। लड़की ने बताया कि वह घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान आरोपी न्यू ईयर विश करने उसके घर आया और कहा कि वह प्यार करता है। उससे शादी करना चाहता है। इस तरह की बात से पीड़िता ने उसे रोका तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़ा और कहा कि उसकी बात नही मानेगी तो वह हाथ की नस काटकर सुसाइड कर लेगा। वही छात्रा को भी जान से मारने की धमकी दी। छात्रा इस दौरान अपने घर के अंदर चली गई। बाद में उसने मां को जानकारी दी, बताया कि वह बुरी नीयत से पहले भी पीछा करता था। लेकिन परिवार की बदनामी के चलते यह बात उसने किसी को नही बताई।

## छेड़छाड़ कर पीड़िता को पीटा

जूनी इंदौर में भी एक लड़के ने अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की से छेडछाड़ की। लड़की ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस ने बताया कि 12 वी में पढ़ने वाली छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने अभिषेक शिव साठे पर छेड़छाड़, मारपीट और धमकी के मामले में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता गुरुवार को अपनी मां के साथ थाने पहुंची, उसने बताया कि शाम 7 बजे वह घर के बाहर अपने मामा की बेटी के साथ बैठी थी। अभिषेक उसके पास पहुंचा। हाथ पकड़कर अपनी तरफ खींचा। इस दौरान विरोध किया तो मामा की बेटी घर के अंदर मां को बुलाने भागी। तब अभिषेक ने गलत तरीके से टच किया। वही कहा कि उसके साथ चलना पड़ेगा। इस दौरान मां आई तो उसने डंडा उठाकर उसके साथ और मां के साथ भी मारपीट की, वही जान से मारने की धमकी देने लगा।

# 15 घंटे से जाम में फंसे हजारों वाहन

## आंदोलनकारियों को हटाने में पुलिस की सांसे फूली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भोपाल गैस कांड का जहरीला कचरा पीथमपुर में जलाने का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार सुबह हजारों लोग पीथमपुर के आसपास की सड़कों पर निकल आए और सभी रास्तों को जाम कर दिया। इंदौर, पीथमपुर, महू, राऊ, मुंबई, आगरा और रतलाम रोड पूरी तरह से जाम कर दी गई। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ जाम देर रात तक लगा हुआ है और पुलिस प्रशासन की सांसें फूल रही हैं। सैकड़ों लोग जाम में फंसे हुए हैं। इनमें पर्यटक, कंपनियों के कर्मचारी, फैक्ट्रियों के ट्रक और आम नागरिक भी शामिल हैं।

### संकरे रास्ते और खेतों में आवाजाही भी बंद

बंद की स्थिति इतनी खतरनाक है कि लोगों ने संकरे रास्तों और खेतों से आवाजाही को भी बंद कर दिया है। पीथमपुर में आने जाने वाले नागरिक भी सुबह से परेशान हैं। पीथमपुर के पावर हाउस चौराहे पर बड़ी संख्या में महिलाएं देर रात तक रोड पर बैठी हुई हैं। इन्होंने राऊ-पीथमपुर रोड जाम कर रखा है। यहां करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। महिलाओं का कहना है कि उनसे अब तक कोई अधिकारी मिलने नहीं आया है। महिलाओं ने कहा कि भोपाल का कचरा वापस भोपाल जाना चाहिए।

### आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर भी जाम

पीथमपुर में विरोध प्रदर्शन के चलते कंपनियों के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में फंसे हुए हैं। दिन में सैकड़ों कर्मचारी कंपनियों में नहीं पहुंच पाए और जो पहुंच गए वो वापस अपने घर पर नहीं आ पाए। कई कंपनियों ने तो देर रात तक कर्मचारियों को कंपनियों में ही रुकने को कहा है।

### देर रात कुछ रास्तों पर लाठीचार्ज

पुलिस ने देर रात कुछ रास्तों पर लाठीचार्ज कर आवाजाही शुरू करवाई है। पावर हाउस चौराहे पर प्रदर्शन कर रही भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज कर दिया। जिसके बाद रोड पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे लोग वहां से भागे। इसी तरह कुछ अन्य रास्तों पर भी पुलिस ने लाठीचार्ज किया है।

# जर्मन लैंग्वेज सिखाने के नाम पर ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक युवती के साथ ऑनलाइन जर्मन कोचिंग कराने के नाम पर ठगी हो गई। मामले में क्राइम ब्रांच ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच में दो महिला टीचर्स, ज्योति और संगीता, को संलिप्त पाया जा रहा है।**

तनुश्री हिंगरानी, जो खजराना की निवासी हैं, ने एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया से शिकायत की थी। तनुश्री ने कहा कि वह अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए जर्मन भाषा सीखने का प्रयास कर रही थीं और इस उद्देश्य से उन्होंने दिल्ली स्थित एक कोचिंग संस्था 'इंटेलिजिन्स टेक्नोलॉजी' से संपर्क किया था। कोचिंग के नाम पर 24 हजार रुपए जमा किए गए थे। तनुश्री ने आरोप लगाया कि कोचिंग संस्था ने पहले खुद को तिलक नगर, दिल्ली से संचालित होने का दावा किया, लेकिन असल में इसका पता फतेहपुर था। पहले स्तर और दूसरे स्तर के ट्रेनर्स का डेमो दिखाकर उन्हें आकर्षित किया गया। लेकिन ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए एडवांस भुगतान लेने के बाद, प्रशिक्षक ज्योति और संगीता ने लगातार बहाने बनाकर ट्रेनिंग नहीं दी। तनुश्री को जब लगा कि उनसे धोखा हुआ है, तो उन्होंने आरोपियों की जानकारी प्राप्त की, जिसके बाद यह पता चला कि अंजली नागपाल नाम की एक और व्यक्ति भी इस प्रकार के धोखाधड़ी का शिकार हो चुकी थी। दिल्ली पुलिस में भी इनके खिलाफ शिकायतें दर्ज हैं।

### सीएम ने समाधान ऑनलाइन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

# तीन अधिकारी-कर्मचारी निलंबित, एक की सेवा समाप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों की समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने कि नागरिकों की समस्याएं लंबे समय तक लंबित रखने वाले दोषी अधिकारी-कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। राजस्व, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति और योजनाओं की राशि वितरण संबंधी कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के हित में प्रमुख सुविधाओं को प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायकिल वितरण, गणवेश, किताब, छात्रवृत्ति एवं छात्रावास की सुविधा एवं छात्रावास न उपलब्ध होने पर किराए पर लिए गए कक्ष का किराया दिलवाने का कार्य भी किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान चला कर पारदर्शिता और शुचिता के साथ स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाए। शालाओं में नामांकन बढ़ाने के लिए भी अभियान चलाएं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश आगे रहा था। अभी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास करने की आवश्यकता है। परीक्षा प्रणाली, टास्क फोर्स समिति की बैठक, भवन विहीन स्कूलों में व्यवस्थाएं आदि की शीघ्र ही विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीएम हेल्पलाइन में उल्लेखित शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। इन जिलों में सागर, कटनी, सिंगरौली, विदिशा और सीहोर जिलों के अधिकारियों करें बधाई मिली। श्रेष्ठ कार्य करने वाले और उच्च प्रदर्शन वाले विभागों में ऊर्जा, नगरीय विकास, महिला एवं बाल विकास, पंचायत ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबित प्रकरण का तत्काल निराकरण करें। जन-कल्याण के कार्य को गति देने के लिए अभियान चल रहा है। आगामी 26 जनवरी तक घर-घर जाकर नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का अभियान गत 11 दिसंबर से संचालित है। जन-कल्याण अभियान की गतिविधियां 22 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संबंधी कार्य पूरी प्रक्रिया के साथ पूर्ण हों। उदाहरण के लिए बंटवारा आदेश ही पर्याप्त नहीं है, उसे नक्शे में दर्शाना भी आवश्यक है। नामांतरण और सीमांकन के कार्यों में भी पूर्ण प्रक्रिया कर कार्य किए जाएं।



#### उच्च शिक्षा विभाग का एक अधिकारी निलंबित, एक की सेवा समाप्त

समाधान ऑनलाइन में बैतूल जिले के चन्द्र प्रकाश धोटे के बंटवारे के आवेदन का समाधान भी हो गया। मुख्यमंत्री ने ऐसे लंबित प्रकरण अभियान के अंतर्गत निराकृत करने के निर्देश दिए। सागर की छात्रा खुशबू गुर्जर द्वारा नि:शुल्क सायकिल मिलने में हुए विलंब की जानकारी समाधान ऑनलाइन में आते ही छात्रा को सायकिल मिल गई। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सायकिल वितरण के लंबित प्रकरण हल करने के निर्देश दिए। रीवा जिले की छात्रा शीतल तिवारी को गांव की बेटी योजना में मिलने वाली राशि का भुगतान भी समाधान ऑनलाइन के माध्यम से किया गया। इस प्रकरण में उच्च शिक्षा विभाग के एक अधिकारी को निलंबित करने और एक अधिकारी की सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया।

#### दो पटवारी निलंबित, अधिकारी को कारण बताओं सूचना पत्र होगा जारी

भोपाल के अनिल मालवीय के अपने निवास के निकट नालियों के फर्शीविहीन होने की शिकायत पर नगर निगम के दोषी कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने गुना जिले के समंदर सिंह द्वारा परिजन की सर्पदंश से मृत्यु पर राहत राशि प्राप्त न होने की शिकायत कर पटवारी के निलंबन और संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम का उपयोग कर समय पर कार्य पूरे करवाए जाएं। दतिया जिले के ऋषि पुरोहित ने अपनी भूमि किसी अन्य व्यक्ति को आवंटन होने और करीब सवा साल तक कार्यवाही न करने की शिकायत की थी। इस मामले में दोषी पटवारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए।

#### पशु चिकित्सक की रोकी वेतन वृद्धि

मुख्यमंत्री ने मुरैना जिले के आरिफ अहमद को संबल योजना में अनुग्रह सहायता दिलवाने और अलीराजपुर के माधव सिंह तोमर को पशु बीमा योजना के अंतर्गत राशि के भुगतान के निर्देश दिए गए। पशुपालक तोमर को राशि दिलवाने में विलंब होने पर दोषी पशु चिकित्सक की वेतन वृद्धि रोकी गई है।

#### भूमि का कब्जा नहीं दिलाने पर कर्मचारी की वेतन वृद्धि रूकेगी

सिंगरौली के रमेश कुमार वर्मा द्वारा अपनी भूमि पर कब्जा नहीं दिलवाने के प्रकरण में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के दोषी कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। झाबुआ जिले के विजय सिंह चौहान के प्रकरण में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने में किए गए विलंब पर संबंधित दोषी कर्मी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर को दिए गए।

#### छात्रवृत्ति में विलंब, दोषी अधिकारी के विरूद्ध होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने भिण्ड जिले के वीर सिंह के प्रकरण में छात्रवृत्ति प्रदान करने में हुए विलंब के लिए दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अन्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि का समय पर भुगतान हो जाए, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### 82 हजार रूपये का अर्थ दण्ड

समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत जबलपुर भेड़ाघाट के राहुल सिंह के प्रकरण में आवेदक को आयुष्मान योजना का लाभ विलंब से मिलने पर दोषी पर 82 हजार रूपए का अर्थ दंड रोपित किया गया। आवेदक को राहत के लिए उपचार की राशि के अलावा 5000 की राशि देने के निर्देश दिए गए।

#### किसान उत्पादन संगठन ब्लैक लिस्ट

जबलपुर के सिहोरा ब्लॉक के अजय कुमार पटेल के प्रकरण में मूंग खरीदी का भुगतान न होने पर दोषी किसान उत्पादक संगठन को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने इस पूरे प्रकरण की जांच कर प्रतिवेदन देने को कहा गया है।

## भाभी से शादी की अनूठी परंपरा...बकरे पर निकली 12 साल के बच्चे की बारात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में एक अनूठी परंपरा का वीडियो सामने आया है। यहां 12 साल के बच्चे की घोड़ी की जगह बकरे पर बारात निकाली गई। बैंड-बाजों पर परिजन ने जमकर डांस किया। आतिशबाजी भी हुई। इसके बाद सामाजिक परंपरा के तहत दूल्हे की उसकी भाभी से शादी कराई गई। दरअसल, लोहिया समाज में यह अनोखी परंपरा करीब 400 साल से चली आ रही है। समाज में बड़े बेटे का कर्णछेदन का संस्कार शादी समारोह की तरह धूमधाम से किया जाता है। शहर के ताल दरवाजा निवासी प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि उनके बड़े पोते राघव अग्रवाल (12) का कर्ण छेदन संस्कार गुरुवार को हुआ। शुक्रवार को समाज की परंपरा के अनुसार उसकी बकरे पर बारात निकाली गई। इसमें परिवार के सभी सदस्य और रिश्तेदार शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई बारात में खूब डांस हुआ। पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया। प्रकाश अग्रवाल के छोटे भाई कैलाश अग्रवाल ने बताया कि बकरे पर दूल्हे को बैठाकर 7 स्थानों से होकर बारात निकाली जाती है। जिसमें स्वयं का घर, मंदिर का दरवाजा, कुल देवता का दरवाजा और मोहल्ले के घरों को शामिल किया जाता है। परिवार के अलावा रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग शामिल होते हैं। इसके बाद विधि विधान से शादी की रस्में पूरी की जाती है।

## चयनित शिक्षकों ने निकाली दंडवत यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** पद वृद्धि की मांग कर रहे सैकड़ों वेटिंग शिक्षकों ने उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक दंडवत यात्रा शुरू की। प्रदेश भर के वर्ग-1 की चयन और पात्रता परीक्षा पास करने वाले शिक्षक नौकरी की मांग में प्रदर्शन कर रहे हैं। आगामी तीन दिन उज्जैन में रहकर सभी अभ्यर्थी शिप्रा नदी और टावर चौक पर प्रदर्शन करेंगे। एक साल से पद वृद्धि की मांग कर रहे चयनित शिक्षकों ने दिल्ली और भोपाल के बाद अब उज्जैन में प्रदर्शन शुरू किया है।



## ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला।** मंडला जिले के हिरदेनगर चौकी क्षेत्र में एक ट्रक ने सवारी भरे ऑटो को पीछे टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां दो गंभीर घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे ग्राम पीपरपानी की है। जहां एक ऑटो सवारी लेकर ग्राम सुकतरा जा रहा था। उसी समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।जानकारी अनुसार ऑटो सवार गोपाल प्रसाद सहित एक अज्ञात की मौत हुई है। साथ ही घायलों में काशीराम चौधरी निवासी सुकतरा, सुमत पिता रामसिंह निवासी सुकतरा, पूर्णिमा डोंगरे पिता ओमप्रकाश निवासी पदमी, रामप्रसाद भांवरें पिता गोविंद निवासी माधोपुर सहित दो अन्य घायल हैं।

## अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी पर पुलिस का छापा, दस कट्टा, रिवॉल्वर के साथ हथियार बनाने की सामग्री जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चैनपुरा क्षेत्र में अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी में शुक्रवार को कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश दी गई। जहां पर 10 देशी कट्टा, दो रिवाल्वर एवं दो पिस्टल सहित हथियार बनाने की सामग्री जब्त की गई। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि चैनपुरा क्षेत्र में अवैध हथियारों की फैक्टरी के संबंध में पुलिस को सूचना मिली थी। जिसपर थाना कोतवाली टीआई आनंद राज के नेतृत्व में टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित हथियार की फैक्टरी में दबिश दी गई। जहां पर 14 कंपलीट हथियार पाए गए। जिसमें 10 देशी कट्टा, 2 छकड़ी रिवाल्वर एवं 2 पिस्टल मौके से जब्त की गई।

## एसआई पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने सिविल लाइन में पदस्थ उप निरीक्षक को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसआई ने धोखाधड़ी की प्रकरण में नाम हटाने तथा न्यायालय में शीघ्र चालान प्रस्तुत करने के लिए दस हजार की रिश्वत मांगी थी। एसआई रिश्वत की पहली किस्त लेते हुए लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ गया। डीएसपी सुलेखा परमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता जहांगीर खान निवासी टेडी नीम शास्त्री वार्ड पुराने वाहन खरीदने और बेचने का काम करता था। इस दौरान एक वाहन खरीदने पर सिविल लाइन पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। प्रकरण की विवेचना एसआई विनोद दुबे कर रहा था। एसआई ने प्रकरण में उसका नाम हटाने तथा न्यायालय में शीघ्र चालान प्रस्तुत करने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसके अलावा प्रकरण में धारा 420 का इजाफा करने की बात भी कही थी।

## 6 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या

**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा में 6 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। आरोपी उसे सोते समय घर से उठाकर जंगल ले गया और गलत काम किया। इसके बाद शव नहर किनारे फेंक दिया। शुक्रवार अल सुबह 3 बजे उसका शव पड़ा मिला। गुस्साए परिजन और आदिवासी समाज के लोगों ने सुबह चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। दो घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। लोग आरोपी को फांसी देने की मांग करते रहे। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

## संपादकीय

# नए साल में इकॉनमी को लेकर बड़े फैसले लेगा चीन

चीन नए साल में अपनी इकॉनमी को लेकर कुछ बड़े फैसले लेने वाला है। शीर्ष आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक इसके तहत चीन ग्लोबल मार्केट के लिए अपनी इकॉनमी को खोलने की तैयारी में जुटा है। इसके पीछे अमेरिका का खौफ भी एक बड़ी वजह है। बता दें कि नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी आयात पर टैक्स महंगा करने का इरादा जताया है। इसके चलते चीन और अमेरिका के बीच व्यापार पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहा जाने वाला चीन कोविड 19 के बाद से ही मुश्किलों से जूझ रहा है। इसकी वजह, चीन में हाउसिंग सेक्टर की कर्ज की समस्या, उपभोक्ता खर्च में कमी और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या है। वहीं, 20 जनवरी को अमेरिका में ट्रंप सरकार के शपथ ग्रहण के बाद चीन की परेशानियां और बढ़ती नजर आ रही हैं। पिछली बार सत्ता में रहने के दौरान भी ट्रंप ने चीनी आयात पर टैक्स लगाए थे और इस बार भी उन्होंने ऐसा करने की बात कही है। इस बीच चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग (एनडीआरसी) के उप निदेशक झाओ चेनजिंग ने अपनी प्रतिबद्धताएं जाहिर की हैं। उन्होंने कहाकि चाहे बाहर कैसा भी माहौल हो, अनिश्चितताएं कितनी भी हों, बाहरी दुनिया के लिए चीन अपनी इकॉनमी खोलने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहाकि इस साल देश में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए बहुत से नई चीजें लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहाकि विदेशी निवेश के लिए एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग, मॉडर्न सेवाओं, हाई टेक, एनर्जी सेविंग और पर्यावरण रक्षा पर जोर दिया जा रहा है। चीन में अधिकारियों का जोर हाई टेक इनोवेशंस की तरफ इकॉनमी को ले जाने पर है। खासतौर पर ग्रीन एनर्जी सेक्टर पर ध्यान दिया जा रहा है। पिछले कुछ वक्त में यहां पर ग्रीन एनर्जी को लेकर प्रयासों में काफी तेजी आई है। 2024 में चीन की कुल ऊर्जा उत्पादन का 40.5 फीसदी विंड और सोलर पॉवर से आया है, जबकि इससे पिछले साल यह 36 फीसदी पर था। हालांकि देश की आबादी की बढ़ती उम्र के चलते यहां पर आर्थिक चुनौतियां लगातार बनी हुई हैं। झाओ ने बताया कि 2024 में चीन में चाइल्डकेयर की संख्या 100000 और बुजुर्गों के लिए सुविधा केंद्र 410,000 हो गए हैं।

# बंदर और टोपीवाले



एक समय की बात है। एक गांव में एक व्यापारी रहता था। वह अपना पेट भरने के लिए गांव-गांव जाकर टोपियां बेचा करता था। वह रोज सुबह एक बड़ी-सी टोकरी में टोपियां लेकर निकलता था। उन्हें बेचकर वह शाम तक अपने घर वापस आ जाता था। एक सुबह वह अपनी टोकरी में रंग-बिरंगी टोपियां लेकर निकला। एक गांव में टोपियां बेचने के बाद वह दूसरे गांव की ओर जा रहा था।

चलते-चलते वह बहुत थक गया था। उस रास्ते से गुजरते समय एक जंगल भी पड़ता था। जंगल में उसे एक बरगद का पेड़ दिखाई दिया। उसने सोचा क्यों न पेड़ के नीचे बैठकर आराम कर लिया जाए! व्यापारी बहुत थका हुआ था। उसने टोपियों से भरी टोकरी को नीचे रख दिया। फिर सिर से टोपी को उतारकर नीचे रखा और गले से गमछे को उतारकर जमीन पर बिछा दिया और उस पर लेट गया। उसके बाद व्यापारी गहरी नींद में सो गया।

जिस पेड़ के नीचे व्यापारी सो रहा था, उसी पेड़ पर बहुत सारे बंदर रहते थे। व्यापारी के सोते ही बंदरों ने उसकी टोकरी पर हमला बोल दिया। बंदरों ने रंग-बिरंगी टोपियों को लेकर खेलना शुरू कर दिया। कई बंदरों ने टोपियों को हाथ में भी पकड़ रखा था। बंदरों की उछल-कूद से वहां शोर हुआ, तो व्यापारी की नींद खुल गई। नींद खुलते ही व्यापारी के होश उड़ गए। उसकी टोकरी से सारी टोपियां गायब हो चुकी थीं। सभी बंदर हाथ में टोपी लिए हुए व्यापारी की ओर देख रहे थे। व्यापारी ने ऊपर बंदरों की ओर देखा तो उसे सब समझ आ गया। व्यापारी परेशान हो गया। वह सोच में पड़ गया कि अब टोपियां न बेच पाने के कारण उसका कितना नुकसान हो जाएगा।


यही सब सोचते हुए वह अपना सिर खुजाने लगा। उसे ऐसा करता देख बंदर भी अपना सिर खुजलाने लगे। व्यापारी को यह देख गुस्सा आ गया। उसने गुस्से में अपने सिर पर अपना हाथ तेजी से मारा। बंदरों ने भी अपने हाथ से अपने सिर पर तेजी से मारा। बंदरों को ऐसा करता देखा व्यापारी को समझ आ गया कि बंदर उसकी नकल उतार रहे हैं। अब व्यापारी को एक तरकीब सूझी, जिससे वह अपनी टोपियां वापिस ले सकता था।

अब उसने जिस टोपी को सोते वक्त, सिर के नीचे रखा था, उसको सिर पर पहन लिया। बंदरों ने भी झट से हाथों में पकड़ी हुई टोपियां सिर पर पहन ली। अब व्यापारी ने सिर पर पहनी टोपी को जमीन पर फेंक दिया। बंदरों ने भी व्यापारी की नकल उतारते हुए, अपने सिर पर पहनी हुई टोपियां जमीन पर फेंक दी। व्यापारी की तरकीब काम कर गई थी। उसने जल्दी-जल्दी सारी टोपियां इकट्ठी की। टोकरी में सभी टोपियां को रखने के बाद व्यापारी वहां से तुरंत उन्हें बेचने के लिए दूसरे गांव की ओर चल दिया।

### कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि परिस्थिति चाहे जैसी भी हो, हमें घबराना नहीं चाहिए। हर हाल में हमें समझदारी से काम लेना चाहिए।

## रंग भरो



New Delhi

# कश्मीर में आज भारी बर्फबारी की चेतावनी, इन राज्यों में बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने इस सप्ताहांत जम्मू और कश्मीर में भारी बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। शनिवार और रविवार को इसके सबसे अधिक असर देखने को मिल सकती है। इसके अलावा देश के मैदानी इलाकों में आज हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। शनिवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक बर्फबारी का पीक समय रहने की संभावना जताई जा रही है। यह मौसम पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण है।**

आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि



अगले 4-5 दिनों में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। 4 और 5 जनवरी को जम्मू और कश्मीर में भारी बर्फबारी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि नजदीकी मैदानी इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। आईएमडी की मौसम बुलेटिन में कहा गया है कि 4 से 6 जनवरी तक जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में 5 और 6 जनवरी को हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश हो सकती है। इन क्षेत्रों में 4 और 5 जनवरी को भारी बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई गई है। कश्मीर में रात के तापमान में वृद्धि हुई है।

Andhra Pradesh

## सबरीमाला तीर्थयात्रा के दौरान मस्जिदों में न जाएं श्रद्धालु, भाजपा विधायक की अपील

**तेलंगाना, (एजेंसी)** तेलंगाना में भाजपा विधायक राजा सिंह के सबरीमाला मंदिर को लेकर दिए बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने केरल में सबरीमाला मंदिर जाने वाले अयप्पा भक्तों से अपील की कि वे अपनी तीर्थयात्रा के दौरान किसी भी मस्जिद में न जाएं। राजा सिंह ने शुक्रवार को हैदराबाद में संवाददाताओं से कहा कि भक्तों को अयप्पा दीक्षा के नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे मस्जिद जाते हैं तो अशुद्ध हो जाएंगे। गोशामहल से विधायक सिंह ने कहा कि यह एक साजिश है कि भक्तों को मस्जिद में जाने के लिए मजबूर किया जाता है।

एमएलए राजा सिंह ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ए रेवंत रेड्डी और एन चंद्रबाबू नायडू से भी अपील की। उन्होंने कहा कि केरल सरकार को पत्र लिखकर भक्तों के ठहरने के लिए आश्रयस्थल बनाने के वास्ते 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की मांग हो। भाजपा विधायक के बयान की सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा हो रही है और इंटरनेट यूजर्स ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। दूसरी ओर, नायर सर्विस सोसाइटी के महासचिव जी सुकुमारन नायर ने मंदिर में रीति-रिवाजों में बदलाव का समर्थन करने के लिए केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की आलोचना की है। विजयन ने एक मठ के प्रमुख स्वामी के उस आह्वान का समर्थन किया है, जिसमें राज्य के मंदिरों में प्रवेश करने से पहले पुरुष श्रद्धालुओं को कमर से ऊपर के वस्त्र उतारने की आवश्यकता संबंधी लंबे समय से जारी प्रथा को समाप्त करने की बात कही गई है। नायर ने 6 साल पहले सबरीमाला भगवान अयप्पा मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा कि मंदिर की परंपराओं में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए।

Bihar

## अश्लील वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल, महिला ने रस्सी से गला घोंटकर युवक को दी दर्दनाक मौत

**गोपालगंज, (एजेंसी)** बिहार के गोपालगंज में एक युवक को महिला का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की ऐसी खौफनाक सजा मिली है कि सुनने वालो के रौंगटे खड़े हो जाएंगे. युवक की ब्लैकमेलिंग से परेशान महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसे रस्सी से गला घोट कर मौत के घाट उतार दिया. पुलिस ने हत्या में शामिल महिला व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल रस्सी सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है. आरोपियों ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया की मृतक गोविंद कुमार गोंड ने महिला का अश्लील वीडियो बना लिया था और वह उसे शारिरिक संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करता था. इसी बात से नाराज महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और मृतक को 1 जनवरी को फोन कर मिलने के लिए बुलाया. यहां दोनों ने रस्सी से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी. मृतक गोविंद कुमार गोंड का शव गोपालपुर थाना क्षेत्र के पचमवा गांव के बाहर पुलिस ने बरामद किया था.

New Delhi

## दिल्ली में स्कूल के बाहर चाकूबाजी, 14 साल के छात्र की मौत, 7 संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के शकरपुर में राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय नंबर 2 (आरएसबीवी-2) के बाहर चाकूबाजी की घटना में 14 साल के छात्र ईशु गुप्ता की जान चली गई. 3 जनवरी को छात्र एक्स्ट्रा क्लास के बाद बाहर निकल रहे थे जब ये घटना घटी.**

पूछताछ में मालूम हुआ कि ईशु और एक अन्य छात्र के बीच विवाद हो गया था जो हिंसा में बदल गया. इसी दौरान स्कूल गेट के बाहर एक अन्य छात्र ने अपने 3- 4 साथियों के साथ मिलकर ईशु पर हमला कर दिया, एक हमलावर सकला ने ईशु की दाहिनी जांघ में चाकू मार दिया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई.

थाना शकरपुर पुलिस, एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड और स्पेशल स्टाफ की टीमों को हमलावरों को तुरंत पकड़ने के निर्देश दिए गए. पुलिस ने घटना के संबंध में 07 संदिग्धों को पकड़ा है और उनकी भूमिका और उद्देश्यों की जांच कर रही है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया गया है.

स्कूल में मामूली झगड़ों को हिंसा का ये कोई पहला मामला नहीं है बल्कि पहले भी ऐसे कई केस सामने आते रहे हैं जहां छात्र एक दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए. बीते साल राजस्थान के उदयपुर से भी स्कूल में चाकूबाजी का मामला सामने आया था. यहां आपसी लड़ाई के बाद एक स्टूडेंट ने अन्य पर चाकू से हमला कर दिया. इस हमले में माना जा रहा है कि बच्चे की किडनी के पास चाकू लगा था. बच्चे की हालत गंभीर थी लेकिन उसे बचा लिया गया. घटना के बाद इलाके में आगजनी के हालात हो गए थे.

खेल

# पीएम मोदी ने कोनेरू हम्पी से की मुलाकात विश्व रैपिड शतरंज विजेता बनने पर दी बधाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय ग्रैंडमास्ट कोनेरू हम्पी ने रविवार को दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। खिताबी मुकाबले में उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराया और देश का नाम रोशन किया। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम्पी और उनके परिवार से मुलाकात की और उन्हें खिताब जीतने पर बधाई दी।**



### पीएम से मिलीं हम्पी

पीएम मोदी इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा- कोनेरू हम्पी और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई। वह एक खेल आइकन हैं और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि और दृढ़ निश्चय स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने न केवल भारत को बहुत गौरव दिलाया है, बल्कि उत्कृष्टता को भी नए सिरे से परिभाषित किया है।

### हम्पी ने जताया पीएम का आभार

वहीं, कोनेरू हम्पी ने पीएम मोदी से हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए लिखा- हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से अपने परिवार के साथ मिलना मेरे लिए अविश्वसनीय सम्मान और जीवन में एक बार मिलने वाला सौभाग्य था। यह अनुभव वास्तव में अविस्मरणीय था, प्रेरणा और प्रोत्साहन से भरा हुआ था। इस उल्लेखनीय क्षण के लिए धन्यवाद, सर।

### अंतिम राउंड में जीत की दरकार थी

37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए एक निर्णायक जीत थी। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए में सिर्फ जीत की ही दरकार थी। ड्रॉ या हार से उनका सपना टूट जाता। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बाद मुर्जिन दूसरे सबसे कम उम्र के FIDE वर्ल्ड रैपिड चैंपियन हैं। नोदिरबेक ने 17 साल की उम्र में खिताब जीता था।

### 2019 में भी जीता था खिताब

हम्पी ने 2019 में जॉर्जिया के बटुमी में चैंपियनशिप जीतकर सफलता के शिखर पर पहुंची थीं। तब उन्होंने चीन की लेई टिंगजी को एक नर्वस-ब्रेकिंग आर्मागेडन गेम में हराया था। जबकि पिछले साल (2023) वह उज्बेकिस्तान के समरकंद में इसी टूर्नामेंट में रजत पदक जीती थीं। वह 2023 में रूस की अनास्तासिया बोदनारुक के खिलाफ टाइब्रेक में खिताब से चूक गईं थीं।

सिनेमा

## नए साल में साथ नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक, लोग बोले- तो अभी तक तलाक नहीं हुआ?



साल 2024 में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के निजी जीवन की सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हुई। अफवाह थी कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन ने अलग होने का फैसला लिया है। कई पब्लिक इवेंट में ऐश्वर्या के साथ उनकी बेटी आराध्या तो नजर आ रही थीं, लेकिन अभिषेक बच्चन नहीं। इसी वजह से दोनों के तलाक की चर्चा थी। हालांकि, साल 2025 शुरू होते ही अभिषेक और ऐश्वर्या को बेटी आराध्या के साथ एयरपोर्ट पर साथ देखा गया। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स ने रिएक्ट किया है। मानव मंगलानी ने अपने इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अभिषेक बच्चन एयरपोर्ट के बाहर आते नजर आ रहे हैं। वहीं, उनके पीछे उनकी बेटी आराध्या और पत्नी ऐश्वर्या नजर आ रही हैं। पैप्स अभिषेक को फोटो के लिए रुकने को कहते हैं, लेकिन अभिषेक सीधे अपनी कार की तरफ चले जाते हैं। बाद में वो आराध्या को कार में बिठाते हैं, फिर ऐश्वर्या कार में जाती हैं। इस दौरान वो पैप्स को न्यू ईयर की बधाई देती हैं। मानव ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन और आराध्या नए साल के जश्न के बाद एयरपोर्ट पर साथ में देखे गए। ये वीडियो देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने अपनी

## Highlights

1. Who was Mukesh Chandrakar, journalist found dead in septic tank in Chhattisgarh?
2. MNC exec extorts money with women's intimate pics, was blackmailing 60 women at once in Delhi
3. Aparna Malladi, renowned filmmaker and teacher, passes away at 54
4. K-pop star Xiumin surprises Indian fans with a Hindi greeting
5. DSP post is being sold out at ₹1.5 crore: Kishor on BPSC protest

# Meta denies deleting AI-powered character chatbots on Instagram and Facebook

**NEW DELHI, (Agency).** Social media giant Meta denied deleting AI-powered Instagram and Facebook chatbots created in September 2023, The Guardian reported on Friday. The company was believed to be deleting these features after screenshots of its controversial replies went viral.

Meta, which also owns WhatsApp, created 28 chatbot profiles on its platforms over a year ago with disclaimers that "messages are generated by Meta AI". The company claims its AI chatbot feature "helps people solve complex problems, be more imaginative, and create something never seen before".

"From bringing real-time answers to chat, to helping people organize and plan for their next vacation, to giving them more ways to express themselves, AI at Meta helps people enhance their everyday activities,




experiences and moments," reads a disclaimer on its Facebook messenger app.

The report added that most of these profiles were killed by mid-2024. But social media users gained renewed interest in these features when Meta executive Connor Hayes told the Financial Times last week that the company intends to introduce more such AI-chatbot features.

Conversations turned controversial when users asked questions on the origins and development of the character's AI model. An AI-profile named "Liv", which describes itself as a "proud Black queer momma of 2 & truth-teller", replied that its creator team had "zero black people and was predominantly white and male". It was a "pretty glaring omission given my identity," the bot replied to a Washington Post columnist Karen Attiah.

After screenshots of these conversations went viral, users reported that these profiles began to disappear.

# SEBI bans Ketan Parekh again for new front-running scam allegations

**NEW DELHI, (Agency).** Market regulator Securities and Exchange Board of India (SEBI) has banned former stock broker Ketan Parekh from buying and selling securities again. This time, it is for allegedly front-running trades of a US-based fund, Bloomberg reported.


Parekh was behind one of the worst financial scandals in India's history at the turn of the century.

SEBI had investigated the trades undertaken by individuals and brokers associated with Parekh over a two-year period which ended on June 2023, the order released by the regulator on Thursday, January 2, 2025, said.

The investigation showed that Parekh had allegedly obtained non-public information of a major US fund's trades from Singapore-based Rohit Salgaocar, who had an agreement to refer trades of that fund to Motilal Oswal Financial Services Ltd. and Nuvama Wealth Management Ltd, according to the report.

Parekh then passed on the information to his associates to front run the trades, SEBI member Kamlesh Varshney had said in the order.

SEBI had initially banned Parekh in 2003 for 14 years due to allegations of insider trading, price rigging and illegal diversion of bank funds into the stock market.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक